


# सप्तदश बिहार विधान सभा

## द्वितीय सत्र

## दैनिक विवरणिका

**संख्या-06** शुक्रवार, दिनांक-26 फरवरी, 2021 ई० ।

**मा‍ननीय अध्यक्ष श्री विजय कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सभा की कार्यवाही प्रारंभ हुई ।**

**समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अपराह्न तक ।**

**[1] प्रश्नकाल :-**

(i) 04 अल्पसूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 01 अल्पसूचित प्रश्न संख्या-16 पर्यावरण ,वन एवं जलवायु परिर्त्तन विभाग में स्थानांतरित ।

(iii) 24 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iv) 01 तारांकित प्रश्न संख्या-439 स्थगित ।

(v) 01 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(vi) 121 तारांकित प्रश्न अनागत ।

आसन द्वारा सदन को सूचित किया गया कि आज के लिए सूचीबद्ध छः विभागों के 147 तारांकित प्रश्नों में से 98 का उत्तर ऑनलाईन प्राप्त हुआ है जिसमें ऊर्जा विभाग, आपदा प्रबंधन विभाग, योजना एवं विकास विभाग तथा विधि विभाग का शत-प्रतिशत उत्तर ऑनलाईन प्राप्त हुआ है । स्वास्थ्य विभाग से 89 में से 35 प्रश्नों तथा पर्यटन विभाग से 16 प्रश्नों में 14 प्रश्नों का उत्तर अप्राप्त है ।

**[2] कार्य स्थगन प्रस्ताव :-**

माननीय सदस्य श्री महबूब आलम, श्री सत्यदेव राम, श्री वीरन्द्र प्रसाद गुप्ता, श्री गोपाल रविदास, श्री रामबली सिंह यादव, श्री महानन्द सिंह, श्री अरूण सिंह एवं श्री अजय कुमार से प्राप्त कार्य स्थगन प्रस्ताव नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन द्वारा अमान्य किये जाने की घोषणा की गयी ।

**[3] शून्यकाल :-**

शून्यकाल की सूचना के अन्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया गया :-

(i) श्री श्याम बाबू प्रसाद यादव

(ii) श्री विद्या सागर केशरी

| | | | |
|---|---|---|---|
| (iii) | श्री पवन कुमार यादव | (iv) | श्री मिथिलेश कुमार |
| (v) | श्री समीर कुमार महासेठ | (vi) | श्रीमती शालिनी मिश्रा |
| (vii) | श्री विजय कुमार खेमका | (viii) | श्री मुकेश कुमार यादव |
| (ix) | श्री अरूण शंकर प्रसाद | (x) | श्री सुधाकर सिंह |
| (xi) | श्री संजय कुमार तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी | (xii) | श्री कुमार शैलेन्द्र |
| (xiii) | श्री आलोक कुमार मेहता | (xiv) | श्री संजीव चौरसीया |
| (xv) | श्री आनंद शंकर सिंह | (xvi) | श्री रणविजय साहू |
| (xvii) | श्री जय प्रकाश यादव | (xviii) | श्री चेतन आनन्द |
| (xix) | श्री राम विशुन सिंह | (xx) | श्री रामबली सिंह यादव |
| (xxi) | श्री संदीप सौरभ | (xxii) | श्री सुदामा प्रसाद |
| (xxiii) | श्री अजय कुमार | (xxiv) | श्री कृष्णनंदन पासवान |
| (xxv) | श्री महबूब आलम | (xxvi) | श्री कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव |
| (xxvii) | श्री अरूण सिंह | (xxviii) | श्री विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह |
| (xxix) | श्री राजेश कुमार गुप्ता | (xxx) | श्री अचमित ऋषिदेव |
| (xxxi) | श्री विजय कुमार | (xxxii) | श्री पवन कुमार जायसवाल |
| (xxxiii) | श्री ललित कुमार यादव | | |

**[4] ध्यानाकर्षण सूचनाएँ :-**

(i) माननीय सदस्य श्री नीतीश मिश्रा का गृह विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य द्वारा पढ़ा गया एवं माननीय प्रभारी मंत्री, गृह निर्माण विभाग, श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री भाई वीरेन्द्र एवं अन्य सभासदों का शिक्षा विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को माननीय सदस्य, श्री भाई वीरेन्द्र द्वारा पढ़ा गया तथा माननीय प्रभारी मंत्री, शिक्षा विभाग, श्री श्रवण कुमार द्वारा इसका उत्तर दिया गया ।

**[5] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-**

1. माननीय सभापति, याचिका समिति श्री प्रेम कुमार द्वारा समिति के 24वें प्रतिवेदन की प्रति को सभा मेज पर रखा गया ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक भोजनावकाश तक के लिए स्थगित हुई ।

**भोजनावकाश के बाद**

(02.00 बजे अपराह्न से 05.15 बजे अपराह्न तक)

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

**[6] वित्तीय कार्य :-**

**वित्तीय वर्ष 2020-2021 के द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांग [नगर विकास एवं आवास विभाग] पर वाद-विवाद तथा मतदान :-**

माननीय उप मुख्यमंत्री सह वित्त मंत्री, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 के द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांग में से नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग को प्रस्तुत किया गया ।

अनुदान की मांग पर कटौती का प्रस्ताव माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं पक्ष रखा गया ।

वित्तीय वर्ष 2020-21 के द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरण में सम्मिलित अनुदानों की मांग (नगर विकास एवं आवास विभाग) पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री संजय सरावगी

(ii) श्री संतोष मिश्रा

फ्लोर क्रॉस करने के कारण आसन द्वारा दिये गए निदेश के उपरांत माननीय सदस्य श्री सत्यदेव राम द्वारा खेद प्रकट किया गया ।

(माननीय अध्यासी सदस्य, श्री नरेन्द्र नारायण यादव द्वारा आसन ग्रहण किया गया)

(iii) डॉ० रामानुज प्रसाद

(iv) श्री गुंजेश्वर साह

(v) श्री सुदामा प्रसाद

(vi) श्री विजय कुमार खेमका

(vii) श्री अखतरूल ईमान

(viii) श्री कुमार सर्वजीत

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

(ix) श्री प्रफुल्ल कुमार मांझी

(x) श्री अजय कुमार

(xi) श्री अजीत शर्मा

(xii) श्रीमती मंजु अग्रवाल

(xiii) श्री राणा रणधीर

(xiv) श्री सूर्यकान्त पासवान

तत्पश्चात् सरकार की ओर से माननीय उप मुख्यमंत्री सह मंत्री नगर विकास एवं आवास विभाग श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर विपक्ष के कतिपय माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।

तदुपरान्त् माननीय सदस्य श्री समीर कुमार महासेठ का कटौती प्रस्ताव सदन से अस्वीकृत हुआ तथा नगर विकास एवं आवास विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का मूल प्रस्ताव सदन से स्वीकृत हुआ ।

इसके उपरान्त वित्तीय वर्ष 2020-21 के द्वितीय अनुपूरक व्यय-विवरण में सम्मिलित शेष अनुदान की मांगें बारी-बारी से मुखबंध (गिलोटीन) द्वारा स्वीकृत हुई ।

## विधायी कार्य

## राजकीय (वित्तीय) विधेयक ''बिहार विनियोग विधेयक, 2021''

माननीय उप मुख्यमंत्री-सह-वित्त मंत्री, श्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा बिहार विनियोग विधेयक, 2021 को सदन की अनुमति से पुर:स्थापित किया गया तथा विधेयक पर विचार का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया ।

विचार के प्रस्ताव की स्वीकृति उपरांत खंडश: विचार के क्रम में सभी खण्ड एवं अनुसूची विधेयक के अंग बने ।

माननीय मंत्री द्वारा विधेयक के स्वीकृति का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

राजकीय (वित्तीय) विधेयक ''बिहार विनियोग विधेयक, 2021'' सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

[7] **आसन का संदेश :-**

बजट सत्र के प्रथम सप्ताह में जिस शालीनता, उत्साह और गंभीरता के साथ सदन चलाने में सभी माननीय सदस्यों का जो सहयोग रहा, इसके लिए सभी को ह्रदय से धन्यवाद दिया गया तथा माननीय मुख्यमंत्री और सभी माननीय मंत्री जिन्होंने पूरी तत्परता के साथ प्रश्नों के जवाब को ससमय उपलब्ध कराया है उनके प्रति भी आसन से आभार व्यक्त किया गया । अगले सप्ताह हमलोग ऐसी ही शालीनता के साथ रहेंगे । कोरोना काल में आचार-विचार का परिर्वतन, खान-पान, रहन-सहन का परिर्वतन हुआ है और यह सदन पूरे बिहार की जनता को संदेश दे रहा है कि आने वाला समय में आप इस लोकतंत्र के पवित्र मंदिर के पुजारी की तरह सजगता के साथ काम करते रहेंगे ।

[8] **निवेदन :-**

आसन से घोषणा की गयी कि आज के लिए स्वीकृत कुल 25 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिये जायेंगे ।

तदुपरान्त् सभा की बैठक सोमवार, दिनांक-01 मार्च, 2021 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-26.02.2021

**राज कुमार सिंह**
सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।